# चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित जलाशय का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण



कानपुर - दीक्षा जैन मुख्य विकास अधिकारी ने चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर परिसर के मुख्य द्वार के निकट पूर्व स्थापित जलाशय का जॉनसन मैथे कम्पनी के द्वारा कराये जा रहे जीर्णोद्वार के कार्य का निरीक्षण किया । यह एक एतिहासिक तालाब का निर्माण 1837 में आये सूखे के दौरान आम जनमानस को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से तत्कालीन मजिस्ट्रेट आईसी विल्सन द्वारा खुदवाया गया था वर्तमान में यह तालाब एवं इसके अन्दर स्थित ऐतिहासिक मान्यूमेण्ट दोनों ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं इसका जीर्णोद्वार तालाब की जीर्ण-शीर्ण स्थिति होने व जल संचयन की क्षमता को बढ़ाने के कारण किया जा रहा है। कुछ माह पूर्व डा० आनन्द कुमार सिंह, कुलपति, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी द्वारा जिला प्रशासन एवं मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर से उपरोक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया गया विश्वविद्यालय में इस सम्बन्ध में धनराशि उपलब्ध नहीं थी तथा यह तालाब शहरी क्षेत्र में है, इसलिए इस तालाब पर मनरेगा से भी कार्य नहीं किया जा सकता है जिसके लिए विकल्प तलाशे जा रहे थे इस समस्या का निदान कानपुर में कार्य कर रही उद्योगों के माध्यम से हुआ किसी भी संस्था/उद्योग को भूगर्भजल विभाग की एन०ओ०सी० इस शर्त के साथ दी जाती है कि वह संस्था/ उद्योग जितना जल का दोहन करेगा, उतने अनुपात में जल संरक्षण का कार्य अन्य स्थान पर करेगा जनपद में विशेष अभियान चलाकर कई उद्योगों के माध्यम से जल संरक्षण के कार्य कराये जा रहे हैं इन्हीं में से एक जॉनसन मैथे के द्वारा सीएसए के इस ऐतिहासिक तालाब जिसका क्षेत्रफल लगभग 1.643 एकड़ है पर दिनांक 15-05-2025 को कार्य प्रारम्भ कराया गया है सीएसए के तालाब के अतिरिक्त कैण्ट एरिया के एक बड़े प्रोजेक्ट पर भी जॉन्सन मैथे कम्पनी के द्वारा कार्य किया जा रहा है इस तालाब में जॉन्सन मैथे कम्पनी के द्वारा जेसीबी के माध्यम से साफ-सफाई एवं अन्य कार्यों को कराया जा रहा है जॉन्सन मैथे कम्पनी के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि इस कार्य को उनके द्वारा एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि इस तालाब का सुन्दरीकरण कराते हुए चारों ओर बेंच की व्यवस्था करायी जाय तथा तालाब का विस्तृत विवरण अंकित कराते हुए रोड साइड पर साइनेज लगवाते हुए इस कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करा लें तथा विश्वविद्यालय की ओर से उपस्थित कैप्टन नौशाद खान को यह निर्देश दिये गये कि आवश्यकतानुसार पार्क के चारों ओर फूलदार पौधों, घास आदि का रोपण किया जाए, जिससे यह लोगों व छात्रों के लिए एक अच्छा स्थान बन सके।

# यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तारीख बढ़ी

कानपुर, 15 मई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर ने उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) 2025 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 17 मार्च 2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 07 मई 2025 तक थी, जिसे विस्तारित करते हुए 18 मई 2025 ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं 19 मई 2025 तक ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते हैं। यह जानकारी मनीष सहाय (मीडिया प्रभारी, कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, इटावा) ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में संचालित विभिन्न विषयों में युवा वर्ग अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। यह प्रवेश परीक्षा 11 केंद्रों पर 11 व 12 जून 2025 को संपन्न कराई जाएगी। जो विद्यार्थी कृषि इंजीनियरिंग, दग्ध प्रौद्योगिकी, मत्स्य विज्ञान या विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हों वे विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट https://upcatet.net एवं www.csauk.ac.in पद पर सूचना विवरणिका पढ़कर प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।

**■ अब १८ मई तक किया जा सकता है आवेदन**

27 Years
OPEN 2025-26
UPTO
R NOIDA CAMPUS
pus:
Park - II,
1310 (U.P.) INDIA
w.gla.ac.in
line.gla.ac.in

# यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**जागरण संवाददाता, इटावा:** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा-2025 के प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 18 मई कर दी गई है। 19 मई तक आनलाइन शुल्क जमा किया जा सकेगा। प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में संचालित विभिन्न विषयों में युवा वर्ग अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते है। यह प्रवेश परीक्षा 11 केंद्रों पर दिनांक 11 व 12 जून को होगी।

कृषि इंजीनियरिंग कालेज इटावा के अधिष्ठाता डा. एनके शर्मा ने बताया कि कृषि एवं तकनीकी विषयों में शिक्षा, रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाएं है। जो विद्यार्थी इटावा में संचालित कृषि इंजीनियरिंग, दुग्ध प्रौद्योगिकी, मत्स्य विज्ञान में या विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हो वह विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट https://upcatet.net एवं www.csauk.ac.in पर सूचना विवरणिका पढ़कर प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते है।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए मांगे आवेदन

**जासं, इटावा :** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को 'ओ' लेवल तथा सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जाना प्रस्तावित है। यह प्रशिक्षण देने के लिए मान्यता प्राप्त संस्थाएं विभागीय वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप पर 27 मई तक आनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आनलाइन आवेदन के बाद हार्ड कापी निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण, इंदिरा भवन लखनऊ एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष संख्या-64 प्रथम तल, विकास भवन इटावा में जमा करा दें।

U S
AER
SCAN TO

**विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी :** इटावा : शुक्रवार को 33 केवी गुरु तेग बहादुर उपकेंद्र से संबंधित नौरंगाबाद फीडर पर अनुरक्षण कार्य होने के कारण साबितगंज, उर्दू मुहल्ला व नौरंगाबाद चौराहा की विद्युत आपूर्ति प्रात: 11 से सायं पांच बजे तक बंद रहेगी। 33 केवी विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कालोनी 2 के फीडर श्याम नगर पर अनुरक्षण कार्य होने के कारण दोपहर दो से सायं साढ़े पांच व फ्रेंड्स कालोनी प्रथम के फीडर अशोक नगर पर अनुरक्षण कार्य होने के कारण प्रात: 10 से दो बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। वि.

## सड़क हादस...
## रिटायर्ड फौ...

जासं, इटावा: बेटे ...
समय पांच दिन ...
हुए रिटायर्ड फौजी ...
विश्वविद्यालय ...
सूचना पर पह...
पोस्टमार्टम क...
फ्रेंड्स ...
टीला निवासी ...
थे। वह 1...
खान के ...
लेकर ...
टक्कर ...
थे। ...
गंभीर ...
वहां ...

# बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

## ...हे थे तीन दोस्त, मैनपुरी के मीठेपुर के पास हुआ हादसा

...वा: आगरा-कानपुर
...सीमा से सटे मैनपुरी
...क सवार तीन दोस्तों
... में एक युवक की
... घायलों को सैफई
...या गया। हादसे के
...राम ...
...के अवदा ...



सुशील फाइल• स्वजन
• नौकरी करने के



realme Shot on realme 9i
2025 05 16 09:05